खास समाचार

बहनों ने मंत्री डॉ. टेटवाल की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र, बोले- आपका भाई हमेशा आपके लिए तैयार

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। रक्षाबंधन पर्व एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर राठी मांगलिक परिसर में जिला स्तरीय लाड़ली बहना रक्षा बंधन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं। बहनों ने मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का संदेश दिया। बहनों के स्नेह से अभिभूत मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि आप सभी मेरी बहनें हैं और आपका भाई हमेशा आपके लिए तैयार है। आपकी सेवा और सम्मान मेरा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को सदैव सर्वोच्च सम्मान मिला है। रानी दुर्गावती, महारानी लक्ष्मीबाई और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जैसी महान महिलाओं ने समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की विशेष पहल के तहत बहनों द्वारा राखी बांधने के बाद मंत्री ने प्रत्येक बहन को पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं।

सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी ले गए चोर

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। नगर के पछेटवाड़ी वार्ड क्रमांक 04 में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना के समय मकान मालिक राजेंद्र महेश्वरी अपने परिवार के साथ सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे।जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि अज्ञात चोरों ने राजेंद्र महेश्वरी के घर का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश कर अलमारी व अन्य सामान खंगाला।

चोर घर में रखी एक सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, तीन जोड़ी चांदी की पायल, पांच चांदी के सिक्के तथा करीब 6 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। गुरुवार को आसपास के रहवासियों ने मकान का ताला टूटा हुआ देखा तो उन्होंने राजेंद्र महेश्वरी को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलने पर वह तत्काल सारंगपुर पहुंचे और पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का पंचनामा बनाया। इसके बाद डॉग स्क्वाड टीम को भी मौके पर बुलाकर जांच कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

शिक्षक दिवस पर काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया टीईटी का विरोध

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। मध्य प्रदेश संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

शिक्षकों ने शासन द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से पुन: शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी ई टी) लिए जाने के निर्णय का विरोध किया। शिक्षकों ने बताया कि नियुक्ति के समय उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदंड एवं आवश्यक अर्हताएं पूरी की थीं। इसके बाद वे वर्षों से निरंतर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में वर्षों की सेवा के बाद पुन: टी ई टी परीक्षा लिया जाना उचित नहीं है। शिक्षकों ने कहा कि वे शासन के इस निर्णय का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे हैं और मांग करते हैं कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी परीक्षा से मुक्त किया जाए।

शिक्षक दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपनी मांग शासन तक पहुंचाने का संदेश दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्राचार्य दिनेश गुप्ता,कैलाश मालवीय,दीपक सोलंकी, दीपका बंसल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर गड़बड़ी: टीएचआर वितरण से लेकर गर्भवती महिलाओं के रिकॉर्ड तक में मिली खामियाँ

सीडीपीओ वीरेन्द्र वर्मा पर कब होगी कार्रवाई, कमिश्नर के निरीक्षण में पाई गई थी अनियमिततताएं

नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना-सुठालिया में पदस्थ परियोजना अधिकारी वीरेंद्र वर्मा की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। भोपाल संभाग आयुक्त एवं जिला कलेक्टर कार्यालय ने उन्हें आरोप ज्ञापन जारी किया है। आरोप ज्ञापन में आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण, टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण, पोषण ट्रैकर के रिकॉर्ड और केंद्रों की रंगाई-पुताई के लिए जारी राशि की निगरानी में गंभीर लापरवाही का उल्लेख किया गया है।

संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा कार्यालय भोपाल से 27 अगस्त 2026 को जारी ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकारी के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-16 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित है। अधिकारी को अपना पक्ष रखने के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में जवाब नहीं देने पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

टीएचआर वितरण में भी उठे सवाल

आरोप ज्ञापन के अनुसार, शहरी वार्ड क्रमांक-02 के आंगनबाड़ी केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा

शासन के निर्देशानुसार टीएचआर के पैकेट वितरित नहीं किए गए। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान 04 अगस्त 2026 की स्थिति में टीएचआर पैकेट की प्राप्ति का पत्रक तैयार कराया गया।

बाद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि समूह द्वारा गेहूं आधारित दलिया मिक्सचर और चावल आधारित खिचड़ी मिक्सचर के पैकेट 20 अगस्त 2026 की रात स्वयं सहायता समूह द्वारा केंद्र पर दिए गए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि टीएचआर पैकेट की कितनी मात्रा और कितना वजन हितग्राहियों को माह में वितरित किया जाना है, इसकी जानकारी न तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को थी और न ही सेक्टर पर्यवेक्षक को।

पोषण ट्रैकर में भी रिकॉर्ड अलग-अलग

आंगनबाड़ी केंद्र पर संधारित पंजी क्रमांक-3 में दर्ज गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की संख्या और पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज संख्या में अंतर पाया गया। इतना ही नहीं, पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी अपूर्ण पाया गया।

8 केंद्रों की जांच में रंगाई-पुताई की राशि का मामला

20 अगस्त को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा परियोजना सुस्तुलिया के 8 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र गिंदौरहाट-1 में टीएलई एवं आरओ संचालित नहीं पाए गए।ज्ञापन में सबसे गंभीर सवाल आंगनबाड़ी केंद्रों की रंगाई-पुताई के लिए जारी राशि को लेकर उठाया गया है। वर्ष 2025-26 में संचालनालय स्तर से प्रति केंद्र 3 हजार रुपए के मान से राशि जारी हुई थी। यह राशि मार्च 2026 में संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के खाते में जमा भी कराई गई, लेकिन 20 अगस्त 2026 तक केंद्र पर रंगाई-पुताई का काम नहीं कराया गया। ज्ञापन में इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता का संकेत बताते हुए परियोजना अधिकारी द्वारा इसकी पर्याप्त मॉनिटरिंग नहीं किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं।

आयुक्त ने माना—कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही

संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा कार्यालय के आरोप ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त परिस्थितियों से प्रतीत होता है कि परियोजना अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया गया और शासन के निर्देशों का पालन कराने में घोर लापरवाही बरती गई। साथ ही पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण की प्रक्रिया में भी गंभीरता नहीं दिखाई गई।ज्ञापन में इन कृत्यों को गंभीर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं वित्तीय अनियमितता का द्योतक बताते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के तहत कदाचरण की श्रेणी में माना गया है।

अब जवाब पर टिकी कार्रवाई: परियोजना अधिकारी वीरेंद्र वर्मा को आरोपों पर 10 दिन में लिखित जवाब प्रस्तुत करना है। जवाब संतोषजनक नहीं होने या निर्धारित अवधि में जवाब नहीं देने पर नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। **उनसे बात की गई तो उन्होने आरोप पत्र मिलने से इंकार कर कमिश्नर की कार्रवाई पर अनभिज्ञता जाहिर की ।**

लायंस क्लब ब्यावरा का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

नईदुनिया प्रतिनिधि राजगढ़ लायंस क्लब ब्यावरा का इंस्टॉलेशन समारोह 3 सितंबर को ए.सी. गार्डन में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागदा के डॉ. पंकज मारू रहे, जबकि इंस्टॉलेशन ऑफिसर उज्जैन के संजय सक्सेना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष चिराग मोदानी ने की। भोपाल से पधारे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बी.सी जैन और रीज़न चेयरपर्सन सुषमा गोयल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के दौरान अमुल अग्रवाल ने लायंस क्लब ब्यावरा के अध्यक्ष, राहुल डागा ने सचिव तथा अंकित राजन ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। मुख्य अतिथि डॉ. पंकज मारू ने अपने संबोधन में नागदा की संस्था के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था दिव्यांगजनों के शिक्षण, प्रशिक्षण, सशक्तिकरण एवं पुनर्वास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। डॉ. मारू ने कहा कि समाजसेवा केवल एक संस्था या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने लायंस क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए क्लब के नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में 7 नए सदस्यों ने भी सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एक लियो क्लब का गठन भी किया गया, जिसके अध्यक्ष रेवांश गर्ग बने। नवनियुक्त अध्यक्ष अमुल अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी प्रियंका अग्रवाल ने मृत्युपरांत अंगदान करने का संकल्प किया। लायंस क्लब ब्यावरा नेत्रदान और अंगदान के क्षेत्र में जागरूकता का कार्य कर रहा है। अमुल अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब समाजसेवा में अपनी जिममेदारी निभाता रहेगा । सभी सदस्य मिलकर समाजसेवा के विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

निकली छापीश्वर महादेव की 19वीं शाही सवारी, उज्जैन के कलाकारों ने शिव-पार्वती और भूत-प्रेत के स्वांग से बांधा समां

नईदुनिया प्रतिनिधि जीरापुर। नगर में भगवान भोलेनाथ की 19वीं शाही सवारी भव्यता और श्रद्धा के साथ निकाली गई। छापी बांध स्थित छापीश्वर महादेव मंदिर से दोपहर 2 बजे महाआरती के बाद शुरू हुई शाही सवारी में भगवान भोलेनाथ सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। सवारी जैसे-जैसे नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, पूरा शहर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा।शाही सवारी में 20 से अधिक धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय झांकियां शामिल रहीं। भगवान शिव, भारत माता, गोपाल कृष्ण, हनुमान सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सामाजिक संगठनों और विभिन्न समितियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई।

उज्जैन के कलाकारों ने जमाया रंग, डमरू की गूंज से भक्तिमय हुआ माहौल

शाही सवारी में उज्जैन से आए कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। कलाकारों ने भगवान शिव, माता पार्वती, दुर्गा और भूत-प्रेत के स्वांग रचकर जीवंत प्रस्तुतियां दीं। वहीं डमरू वादक कलाकारों ने अपनी विशेष प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि सवारी मार्ग शिवभक्ति में डूब गया।

डमरू की गूंज के साथ शिवभजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भूत-प्रेत और गोरिल्ला के रूप में आए कलाकारों ने बच्चों और युवाओं का खूब मनोरंजन किया।

आतिशबाजी ने भी सवारी के उत्साह को बढ़ा दिया।बालाजी की झांकी में झांझ-मृदंग की प्रस्तुति ने मोहा मनहठीले हनुमान मंदिर आवास कॉलोनी समिति की ओर से भगवान बालाजी की आकर्षक झांकी निकाली गई। इसमें शामिल कलाकारों ने झांझ और मृदंग की प्रस्तुति दी। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और धार्मिक भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। झांकी देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। लगातार चौथे वर्ष महाकाल मंदिर की सवारी भी रही शामिलजनपद पंचायत परिसर स्थित महाकाल मंदिर से लगातार चौथे वर्ष संयुक्त रूप से सवारी निकाली गई। छापीश्वर महादेव और महाकाल मंदिर की संयुक्त शाही सवारी ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। दोनों सवारियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख की ठगी करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ाया, 3 गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। करेंसी एक्सचेंज के नाम पर 5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस आरोपितों से ठगी की शेष राशि तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जानकारी अनुसार सारंगपुर निवासी फरियादी अली असगर सैफी ने पचोर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त को पचोर मंडी में एक महिला और दो पुरुषों ने करेंसी एक्सचेंज के नाम पर उनके साथ 5 लाख रुपये की ठगी की। फरियादी की रिपोर्ट पर पचोर थाने में अपराध क्रमांक 405/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

सीसीटीवी और मुखबिर से मिले सुराग

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपितों ने ठगी की वारदात स्वीकार की।

बिहार और दिल्ली के रहने वाले हैं आरोपित

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दुखवा(30),निवासी सरेंडा फुलवारी, जिला कटिहार (बिहार), रोबिन (36), निवासी कबीरबस्ती, मलकागंज, दिल्ली और फहिमा पति मिराज शेख (34), निवासी अली गांव, बदरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है।

101 राधा-कृष्ण स्वरूपों ने मोहा मन, रूपों से नटखट,धैर्य और बुद्धिमता का दिया संदेश

सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव कार्यक्रम

नईदुनिया प्रतिनिधि ब्यावरा। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सत्य, कर्म, कर्तव्य, प्रेम और जीवन जीने की कला की प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण ने विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का साथ नहीं छोड़ा। आज की युवा पीढ़ी यदि उनके जीवन और संदेश को समझकर अपने आचरण में उतारे तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। यह बात ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सीबीएसई), ब्यावरा में आयोजित भगवान श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कही। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों से जोड़ते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व अनेक गुणों का संगम था। उन्होंने बचपन में नटखट और आकर्षक व्यक्तित्व से सभी का मन जीता, वहीं जीवन के कठिन समय में धैर्य, बुद्धिमत्ता और साहस का परिचय दिया। श्रीकृष्ण ने हमें यह संदेश दिया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति को अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए।

लक्ष्मी दीदी ने विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग का संदेश समझाते हुए कहा कि मनुष्य को

परिणाम की चिंता किए बिना पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना कर्म करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, संस्कार, सदाचार और सकारात्मक सोच को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के प्रकटोत्सव को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय के 101 भैया-बहन राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजकर पहुंचे। आकर्षक वेशभूषा में सजे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनके जीवन प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय समिति के सचिव मुकेश सेन ने रखी। मुख्य अतिथि सुनीता विश्वकर्मा, श्रीमती पुष्पा पंवार रहीं, जबकि अध्यक्षता चंद्रकांत त्रिपाठी ने की। अंत में भगवान श्रीकृष्ण को झूला झुलाकर आरती की गई तथा विभिन्न प्रस्तुतियों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण गोपाल गुर्जर आचार्य ने किया तथा आभार श्रीमती सीमा दांगी दीदी ने माना। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अशोक दांगी, अनिला गुजराती, प्राचार्य महेश त्यागी, भारत सिंह जी यादव, दौलत राम यादव, डॉ नमिता जैन दीदी, अखिलेश दुबे, ओमप्रकाश कुशवाह उपस्थित थे।

मंत्री टेटवाल ने 56 लाख की स्वास्थ्य जांच मशीनों और पुस्तकालय का किया लोकार्पण

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर। मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल का जन्मदिन शनिवार को क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर धार्मिक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित हुए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक, जनप्रतिनिधि और आमजन ने पहुंचकर मंत्री को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. टेटवाल ने जन्मदिन की शुरुआत अपनी माता का आशीर्वाद लेकर की। इसके बाद ग्राम भैंसवा माता पहुंचकर बिजासन माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके बाद कपिलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर गौशाला में गौपूजन एवं गौसेवा की। वही 56 लाख की स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात मंत्री ने सिविल अस्पताल सारंगपुर में करीब 56 लाख रुपए की लागत से स्थापित थायराइड परीक्षण सहित अन्य अत्याधुनिक स्वास्थ्य जांच मशीनों का लोकार्पण किया।

जिला जेल में गूंजा गायत्री मंत्र, बंदियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि ब्यावरा । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जिला जेल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बंदियों को परम पूज्य गुरुदेव के विचारों से जोड़ते हुए गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, कर्तव्य, संयम, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को अपने जीवन में अपनाया जा सकता है। वक्ताओं ने जीवन जीने की कला पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों,

व्यक्ति अपने विचारों और संस्कारों में सकारात्मक परिवर्तन लाकर जीवन को नई दिशा दे सकता है।कार्यक्रम के दौरान बंदियों को गायत्री मंत्र के नियमित जाप, सद्विचारों को अपनाने तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित बंदियों ने कार्यक्रम से प्रेरणा लेते हुए बताए गए विचारों को अपने जीवन में उतारने तथा अपने जीवन को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, नगर परिषद ने शाल-श्रीफल व पुष्पहार से किया अभिनंदन

नईदुनिया प्रतिनिधि सारंगपुर । शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को कार्यालय नगर परिषद जीरापुर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उनके शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षक चुन्नीलाल कुशवाह, मांगीलाल अहिरवार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, परिषद सदस्यों एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया

गया। इसके बाद मंचासीन वरिष्ठ शिक्षक रामचंद्र वर्मा, भैरवलाल गुप्ता, चुन्नीलाल कुशवाह, रामकृष्ण गुप्ता, मांगीलाल अहिरवार, दिनेशचंद्र नागर, प्रभुलाल व्यास, मोहनलाल वर्मा, बीएम गुप्ता एवं अली हुसैन सहित उपस्थित अन्य सेवानिवृत्त शिक्षकजनों का अतिथियों एवं परिषद सदस्यों ने पुष्पहार पहनाकर, शाल-श्रीफल एवं बैग भेंट कर सम्मान किया। समारोह में अतिथि ईश्वर तोमर, बलराम टांक, पवन कुशवाह, राजेंद्र बंसल, राजेंद्र राजकुराड सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक देश की भावी पीढ़ी को गढ़ने वाला शिल्पकार है। शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और आचरण से समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य करता है। वक्ताओं ने शिक्षकों को जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक बताते हुए उन्हें ईश्वर के समतुल्य बताया। साथ ही सभी गुरुजनों के सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वरिष्ठ शिक्षक गुलाबचंद सोनी एवं पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों से मर्यादित जीवन जीते हुए अपने आचरण के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने नगर परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह की सराहना करते हुए आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, सुनील हिंडोनिया, गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाह, शिवचरण मंडलोई, कमल झावा, रमेशचंद्र शर्मा, दीपक मालवीय, प्रभुलाल गुर्जर सहित परिषद सदस्य एवं अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में देवनारायण दांगी, ओंकारलाल मंडलोई, रमेशचंद्र मालवीय आदि शामिल हुए ।